St. LAWRENCE HIGH SCHOOL

A JESUIT CHRISTIAN MINORITY INSTITUTION
27, BALLYGUNGE CIRCULAR ROAD
KOLKATA – 700 019

FOR GOD AND COUNTRY

Hindi Text : (2nd Term) **(Answer Worksheet –21)** **Date: 26.11.2020**
Topic: सूरज क्या सिखलाता है **Class -3**

निम्न प्रश्नो के उत्तर दो :-

1 जीवन में हम कैसे सफल हो सकते है ?

उ- हम मेहनत करके जीवन में सफल हो सकते हैं | मेहनत ही सफकता की कुंजी है | मेहनत करने पर हमेशा सफलता नहीं मिलती | हमें उस समय भी धीरज रखना चाहिए | एक न एक दिन सफलता अवश्य मिलेगी |

2 पुत्र जब माँ से पूछता है कि वह कैसे सूरज की तरह चमकेगा , तो वह क्या कहती है ?

उ- पुत्र माँ से पूछता है कि वह भी सूरज की तरह ऊपर उठ सकता है ? इस पर माँ कहती है कि तन - मन से उसे काम करना होगा | अपने में विश्वास जगाना होगा | भय और आलस्य को दूर भगाना होगा | तभी वह जीवन में यश और सुख पा सकता है |

3 सूरज का जन्म कैसे हुआ ?

उ- सूरज हमारे ब्रहांड का हिस्सा है | अरबों साल पहले अंतरिक्ष में धूल और गैस के बादल इकट्ठे हुए | किसी बल के कारण यह बादल एक दूसरे से जुड़ने लगे और सिकुड़ने लगे | जिससे यह ठोस होते गए , इनमे गुरुत्वाकर्षण बल पैदा हुआ और कई गैसों की क्रियाओं से ऊर्जा उत्पन्न होने लगी | इसी को हम सूरज कहते हैं |

4 सूरज पर एक छोटी सी कविता लिखो |

उ- रोज सुबह को सूरज आकर ,

सबको सदा जगाता है |

शाम हुई लाली फैलाकर ,,

अपने घर को जाता है |

दिनभर खुद को जला - जलाकर ,

यह प्रकाश फैलाता है |

Poonam Mehra